www.mpboardonline.com

# ANNUAL EXAMINATION

## SUB: Hindi

## Class : IX

**Time : 3 Hrs.** **MM: 100**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।**

**प्र.1 सही जोड़ी मिलाइए–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | दीपदान | तुलसीदास |
| 2. | बड़े घर की बेटी | भवानी प्रसाद मिश्र |
| 3. | शबरी प्रसंग | गिरिजा कुमार माथुर |
| 4. | घर की याद | प्रेमचन्द्र |
| 5. | सूरज का पहिया | डॉ. रामकुमार वर्मा |

**प्र.2 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. रौद्र रस का स्थायी भाव ................................होता ह।
2. अलंकार ............................ प्रकार के होते हैं।
3. संचारी भावों की संख्या........................ है।
4. आदिकाल या वीरगाथा काल का समय .......................से .......................तक है।
5. भक्ति काल को ............................ भागों मे बाँटा गया है।

**प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों में उचित विकल्प चुनकर लिखिए।**

क. उत्तर मध्यकाल को कहते है।

1. भक्तिकाल  2. रीतिकाल  3. आधुनिककाल

ख. रस के प्रकार लिखिए।

1. 9  2. 4  3. 10

ग. निर्गण भक्ति धारा के कवि है।

1. जायसी  2. कबीर  3. तुलसीदास



www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

घ. छंद के भेद होते है।

1. 10 2. 3 3. 2

ड. चौपाई के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती है।

1. 24 2. 16 3. 32

**प्र.4 सही के सामने सही ( √ ) और गलत के सामने गलत का ( × ) निशान लगाइए।**

1. ज्ञानमार्गी शाखा के कवि सूरदास जी है। ☐
2. मुंशी प्रेमचन्द्र उपन्यास के नाम से जाने जात है। ☐
3. धाय माँ के पुत्र का नाम उदयसिंह था। ☐
4. बहू की विदा के लेखक विनोद रस्तोगी है। ☐
5. आनंदी का विवाह लाल बिहारी के साथ हुआ। ☐

**प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में लिखिए–**

1. कृष्ण और सुदामा कौन थे?
2. जिस वस्तु के आर – पार देखा जा सके।
3. माल्यवंत कौन था?
4. जीवन का सच क्या है?
5. कवि घर पर किसके द्वारा संदेश भेजना चाहता है?

**प्र.6 'झोपड़ी में ही हमारा देश वसता है' से क्या आशय है?**

**अथवा**

**जीवन मार्ग में काँटे और कलियाँ क्या है?**

**प्र.7 कवि किस चक्र को नहीं रूकने देने की बात करता है?**

**अथवा**

**शबदालंकार किसे कहते हैं?**

**प्र.8 सुदामा की पत्नी ने उन्हें क्या सलाह दी?**



www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

अथवा

अनुप्रास अलंकार की परिभाषा लिखिए।

प्र.9 शांत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

समास किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं, नाम लिखिए।

प्र.10 पन्ना किसका बलिदान करती है?

अथवा

बनवीर कौन था? और वह कुँवर जी को क्यों मारना चाहता था?

प्र.11 जीवन लाल ने कमला की विदा करने से क्यों मना कर दिया?

अथवा

'बहु की विदा' एकांकी किस समस्या पर आधारित है?

प्र.12 श्री कंठ का चेहरा कांतिहीन क्यों हो गया था?

अथवा

रामेश्वरी के मन में किस चीज की कामना थी?

प्र.13 महाकाव्य और खण्ड काव्य में अंतर लिखिए।

अथवा

'रामेश्वरी' ममता और त्याग की प्रतिमूति है। कहानी के आधार पर लिखिए।

प्र.14 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए–

1. जिस पुरूष की स्त्री मर गई हो।
2. जा ईश्वर को न मानता हो।
3. विज्ञान से सम्बंधित।

अथवा

निम्न मुहावरों के अर्थ लिखिए।

1. अंधे की लाठी। 2. ईद का चाँद। 3. अँगूठा दिखाना।



www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

प्र.15 हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिख्िए।

अथवा

उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.16 गुरूदास बुढ़िया माँ से किस प्रकार मिले?

अथवा

युधिष्ठिर कौरव सेना में क्यों गए थे?

प्र.17 कविता के आधर पर निर्झर की तीन विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

अन्तर्मन व बहिर्मन का परस्पर क्या संबंध है?

प्र.18 आनंदी के चरित्र की विशंषताएँ लिखिए।

अथवा

राजेश्वरी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.19 तुलसीदास अथवा मैथिलीशरण का काव्यगत परिचय निम्न विंदुओं के आधार पर दीजिए–

1. दो रचनाएँ।
2. भाव पक्ष – कला पक्ष।

प्र.20 शरद जाशी अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्न विंदुओं के आधार पर लिखिए–

1. दो रचनाएँ।
2. भाषाशैली।
3. साहित्य में स्थान।

प्र.21 निम्नलिखित पंक्तियों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए–

रहिमन चुप हे वैठिये, देखि दिनन को फेर।

जब नीकै दिन आइ हैं, बनत न लगि है देर।।

अथवा

अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयापन बाँक नही।

तहाँ साँचे चलैं तजि आपनपौ झझकैं कपटी जे निसांक नहीं।



www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

घनआनंद प्यारे सुजान सुनो यहाँ एक ते दूसरो आँक नहीं।

तुम कौन धौ पाटी पढ़े हो लला मन लेहु पै दहु छटाँक नहीं।।

प्र.22 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ पसंग व्याख्या कीजिए।

स्त्री गालियाँ सह लेती है, मार भी सह लेती है। घर मैके की निंदा उससे नहीं सही जाती। आनंदी मुँह फेरकर बोली– ' हाथी मरा भी नौ लाख का'। वहाँ इतना घी नौकर–चाकर खा जाते हैं।

अथवा

''रामेश्वरी की आँखे से मनोहर की आँखे आ मिलि। मनोहर की वह करूण दृष्टि देखकर रामेश्वरी का कलेजा मुँह को आ गया। उन्होंने व्याकुल होकर उसको पकड़ने के लिए अपना हाथ बढ़ाया। उसका हाथ मनोहर के हाथ तक पहुँचा भी नहीं था। कि मनोहर के हाथ से मुंडेर छूट गई।

प्र.23 निम्नलिखित अपठित गद्यांश का पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

मनुष्य का जीवन बहुत संघर्षमय होता है। उसे पग – पग पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिर भी ईश्वर के द्वारा जो मनुष्यरूपी वरदान की निर्मित इस पृथ्वी पर हुई है। मानों धरती का रूप ही बदल गया है। यह संसार कर्म करन वाले मनुष्यों के आधार पर ही टिका हुआ है। देवता भी उनसे ईर्ष्या करते हैं। मनुष्य अपने कर्म बल के कारण ही श्रेष्ठ है। धन्य है मनुष्य का जीवन।

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.24 अपने मित्र को हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

स्थानांतरण प्रमाण– पत्र (T.C.) प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.25 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषया पर निबंध लिखिए व शेष बचे विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा बनाइए–

1. पर्यावरण प्रदूषण
2. विज्ञान के चमत्कार
3. जीवन में खेलों का महत्व
4. आधुनिक भारत में नारी।



www.mpboardonline.com